# 2020

## HINDI

( Major )

Paper : 6.3

**( Hindi Bhasha Evam Devanagari Lipi )**

*Full Marks* : 60

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वांक्य में दीजिए : 1×7=7

(क) 'अवधी' का विकास किस अपभ्रंश से हुआ है?

(ख) राहुल सांकृत्यायन ने 'खड़ीबोली' को कौन-सा नाम दिया था?

(ग) 'मगही' किस बोली-वर्ग के अंतर्गत आती है?

(घ) हिन्दी की किसी एक अर्धस्वर ध्वनि का उदाहरण दीजिए।

(ङ) 'निर्मल' शब्द में जुड़े उपसर्ग को अलग कीजिए।

(च) कामताप्रसाद गुरु ने 'मैं' सर्वनाम का संबंध संस्कृत के किस शब्द से माना है?

(छ) 'गुड़िया' का बहुवचनीय रूप क्या है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अत्यंत संक्षेप में दीजिए : 2×4=8

(क) ब्रजभाषा कहाँ-कहाँ बोली जाती है?

(ख) घोषत्व के आधार पर हिन्दी की व्यंजन ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए।

(ग) उत्क्षिप्त ध्वनि से आप क्या समझते हैं? उदाहरण दीजिए।

(घ) निजवाचक सर्वनाम किसे कहते हैं? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×3=15

(क) 'हिन्दी' शब्द का प्रयोग मुख्य रूप से किन-किन अर्थों में होता है?

(ख) स्थान के आधार पर हिन्दी की व्यंजन-ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए।

(ग) हिन्दी में संज्ञा शब्दों के कारकीय रूप कितने प्रकार के होते हैं? सोदाहरण उत्तर दीजिए।

(घ) हिन्दी वाक्य-संरचना में अन्वय के महत्त्व को सोदाहरण लिखिए।

(ङ) देवनागरी लिपि के सुधार के लिए किए गए प्रयत्नों पर विचार कीजिए।





**4.** हिन्दी भाषा के उद्‌भव पर प्रकाश डालते हुए आदिकालीन हिन्दी की मुख्य विशेषताओं को रेखांकित कीजिए। 3+7=10

**अथवा**

हिन्दी-भाषी क्षेत्रों का नामोल्लेख करते हुए खड़ीबोली का परिचय दीजिए। 10

**5.** हिन्दी की स्वर ध्वनियों के वर्गीकरण पर विचार कीजिए। 10

**अथवा**

हिन्दी के प्रत्ययों का सोदाहरण परिचय दीजिए।

**6.** हिन्दी संज्ञा-शब्दों के लिंग-परिवर्तन संबंधी नियमों को सोदाहरण प्रस्तुत कीजिए। 10

**अथवा**

देवनागरी लिपि के गुणों पर विचार कीजिए।

★★★